# उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का न्यायालय, रामगढ़

## आदेश पत्रक

विविध अपील वाद संख्या – 09/2011

स्नेहलता प्रसाद बनाम् राज्य

| आदेश की क्रम संख्या और तारीख | आदेश एवं पदाधिकारी का हस्ताक्षर | आदेश पर की गई कार्रवाई के बारे में टिप्पणी तारीख |
|---|---|---|
| 23-03-2018 | **– आदेश –**<br>अभिलेख उपस्थापित। पुकार करने पर आवेदिका अनुपस्थित। अभिलेख के अवलोकन से स्पष्ट है कि पिछले तिथियों से लगातार आवेदिका अनुपस्थित चली आ रहीं हैं, फलतः वाद के प्रति अरूचि एवं उदासीनता को देखते हुए अभिलेख में संलग्न कागजातों के आधार पर आदेश पारित किया जा रहा है।<br>अंचल अधिकारी, रामगढ़ का पत्रांक 2234 दिनांक 20.12.2010 द्वारा समर्पित प्रतिवेदन एवं आवेदिका द्वारा दायर आवेदन तथा संलग्नक कागजातों के अवलोकन से स्पष्ट है कि मौजा रामगढ़, थाना नं0–82, खाता नं0– 02, प्लॉट नं0– 1485, 1491 सर्वे खतियान में गैरमजरूआ खास दर्ज है। उक्त खाता से संबंधित आवेदिका श्रीमति स्नेहलता प्रसाद, पति– चितरंजन प्रसाद के नाम से राजस्व पंजी– II के पृ0सं0–142/28 रकवा–15.05 एकड़ भूमि से संबंधित कायम जमाबन्दी प्रथम दृष्टिया में संदिग्ध प्रतित् होता है।<br>अतः आवेदिका के द्वारा मुआवजा भुगतान हेतु दायर आवेदन को **अस्वीकृत** किया जाता है। साथ ही प्रश्नगत भूमि से संबंधित **राजस्व पंजी– II के पृ0सं0–142/28, खाता नं0–02 रकवा–15.05 एकड़ भूमि श्रीमति स्नेहलता प्रसाद, पति– चितरंजन प्रसाद के नाम से कायम जमाबन्दी को स्थगित** रखते हुए अंचल अधिकारी, रामगढ़ को आदेश दिया जाता है कि नियमानुसार प्रश्नगत भूमि की जमाबन्दी, सृजन एवं भूमि के वर्तमान स्वरूप की विस्तृत बिन्दुओं की जाँच करेंगे कि किस स्थिति में गैरमजरूआ भूमि का जमाबन्दी कायम कर लगान रसीद निर्गत किया गया है तथा जमाबन्दी अवैध पाये जाने की स्थिति में दोषी कर्मियों को चिन्हित करते हुए उनके विरूद्ध प्रशासनिक कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। आदेश की प्रति अंचल अधिकारी, रामगढ़, भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, रामगढ़ एवं अपर समाहर्त्ता, रामगढ़ को अग्रेतर आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजें। इसी मन्तव्य के साथ वाद की कार्रवाई बन्द की जाती है। अभिलेख अभिलेखागार में जमा करें।<br>लेखापित एवं संशोधित<br>23/3/18<br>उपायुक्त,<br>रामगढ़।<br>23/3/18<br>उपायुक्त,<br>रामगढ़। | २४५/विवि<br>२४५(क)/विवि<br>२४६/विवि<br>दि. 03/4/18 |

# उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का न्यायालय, रामगढ़

## आदेश पत्रक

**विविध अपील वाद संख्या–09/2011**

**स्नेहलता प्रसाद बनाम राज्य**

| आदेश की क्रम संख्या और तारीख | आदेश एवं पदाधिकारी का हस्ताक्षर | आदेश पर की गई कार्रवाई के बारे में टिप्पणी तारीख |
|---|---|---|
| 26/05/25 | अभिलेख उपस्थापित। | |

अभिलेख उपस्थापित।

विविध अपील वाद संख्या–09/2011 स्नेहलता प्रसाद बनाम राज्य में तत्कालिन पीठासीन पदाधिकारी द्वारा दिनांक–23.03.2018 को आदेश पारित किया गया है। अपरिहार्य कारणों से उक्त वाद का अंतिम पारित आदेश राजस्व न्यायालय के पोर्टल पर अपलोड नहीं किया गया है। दिनांक–11.03.2025 को राजस्व से संबंधित कार्यो की समीक्षात्मक बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में वर्त्तमान पदस्थापित पीठासीन पदाधिकारी के डिजिटल हस्ताक्षर से उक्त वाद में पारित अंतिम आदेश की प्रति राजस्व न्यायालय के पोर्टल पर अपलोड करने की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

तदनुसार अग्रेतर कार्रवाई करें।

Chandan 26/05/25

उपायुक्त,
रामगढ़।

Digitally signed by CHANDAN KUMAR
Date: 2025.05.28 13:34:31 +05:30
Location: 192.168.137.1



Scanned with OKEN Scanner